E-Mail: coeoffice@csjmu.ac.in

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं०: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / COE / 512 / 2025 — दिनांकः 16 / 05 / 2025

सेवा में,

**प्राचार्य / प्राचार्या / केन्द्राध्यक्ष,**
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

**विषयः विश्वविद्यालय की सत्र 2024–25 सम सेमेस्टर एवं पूर्व से संचालित सम सेमेस्टर की परीक्षाओं की उपस्थिति / अनुपस्थिति समर्थ पोर्टल के माध्यम से दर्ज किए जाने तथा सत्यापन पत्रक (Verification Sheet) प्रेषित किए जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की सत्र 2024–25 सम सेमेस्टर एवं पूर्व से संचालित सम सेमेस्टर की परीक्षाएं दिनांक 22.04.2025 से संचालित हैं जिनकी प्रति पाली उपस्थिति / अनुपस्थिति ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दर्ज किया जाना अतिआवश्यक है। कतिपय महाविद्यालयों / परीक्षा केन्द्रों द्वारा समय से पोर्टल पर परीक्षार्थियों की उपस्थिति दर्ज नहीं की जा रही है, जिससे पोर्टल पर पेन्डिंग प्रदर्शित हो रहा है। परीक्षार्थियों की उपस्थिति / अनुपस्थिति परीक्षा सम्पन्न होने की तिथि पर ही समर्थ पोर्टल के माध्यम से दर्ज करायी जा सकती है। **जिन महाविद्यालयों द्वारा सम सेमेस्टर परीक्षाओं की उपस्थिति / अनुपस्थिति पोर्टल पर अपडेट नहीं की जा सकी है उनकी उपस्थिति / अनुपस्थिति ई–मेल csjmuexamabsentee@gmail.com पर निम्नलिखित विवरणानुसार शीघ्रातिशीघ्र वांछित हैः–**

| S.No. | Exam centre & Code | Student Name | Roll No. | Student's College and Code | Course & Semester | AB/UFM | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

अतः आदेशानुसार समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / केन्द्राध्यक्ष से अनुरोध है कि **समय से प्रत्येक पाली के परीक्षार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति / अनुपस्थिति समर्थ पोर्टल के माध्यम से दर्ज कराया जाना सुनिश्चित करें** अन्यथा की स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित प्राचार्य / प्राचार्या / केन्द्राध्यक्ष का होगा एवं उनका परीक्षाफल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया जाना सम्भव नहीं होगा, साथ ही **समस्त परीक्षार्थियों के सत्यापन पत्रक (Verification Sheet) मूल रूप से अपने पास सुरक्षित रखते हुए उसकी प्रमाणित छायाप्रति (पठनीय छायाप्रति) सम्बन्धित परीक्षा समाप्ति की अन्तिम तिथि को उत्तर पुस्तिकाओं के साथ उपलब्ध कराने का कष्ट करें**, जिससे परीक्षाफल ससमय एवं सुचारू रूप से घोषित किया जा सके।

भवदीय

**(राकेश कुमार)**
परीक्षा नियंत्रक

**<u>प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–</u>**

1. सिस्टम मैनेजर, सी0एस0जे0एम0यू0, कानपुर।
2. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ।
3. वैय0 सहायक, कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
4. पी0एम0यू0 / कोडिंग।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

16/05/2025

**(राकेश कुमार मिश्र)**
उप–कुलसचिव (परीक्षा)